SNBP International & Senior Secondary   Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
Class Notes
Subject: HINDI

CLASS: 6   L.No.४ चाँद से थोड़ी –सी गप्पे
Prepared by: DEEPIKA MEHRA   Given Date--
Prepared Date-

शब्द – अर्थ :

कुल – पूरा   पोशाक – वस्त्र   कपड़े मरज़ – बीमारी   चारों सिम्त – चारों दिशाओं में

गोकि – यानि बुद्धू – मूर्ख निरा –एकदम   दम –साँस नजर आना –दिखाई देना

प्रश्न.१) आप पहने हुए हैं कुल आकाश' के माध्यम से लड़की कहना चाहती है कि-
(कचाँद तारों से जड़ी हुई चादर ओढ़कर बैठा है। (
(खचाँद की पोशाक चारों दिशाओं में फैली हुई है। (
आप किसे सही मानते हो ?
उत्तर- लड़की यह बताना चाहती है कि संपूर्ण आकाश तुम्हारे चारों ओर है ऐसा लगता है जैसे यह संपूर्ण आकाश ही तुम्हारा वस्त्र है, जिस पर सितारे जड़े हैं।

प्रश्न .२) कवि ने चाँद से गप्पें किस दिन लगाई होंगी? इस कविता में आई बातों की मदद से अनुमान लगाओ और उसका कारण भी बताओ।
दिन – कारण
पूर्णिमा – ....
अष्टमी से पूर्णिमा के बीच – .... प्रथमा से अष्टमी के बीच – ....

उत्तर-दिन	कारण
पूर्णिमा	चाँद पूरी तरह गोल नजर आता है।
अष्टमी से पूर्णिमा के बीच	चाँद तिरछा नजर आता है।
प्रथमा से अष्टमी के बीच	चाँद बहुत पतला नजर आता है।

मेरे विचार से कवि ने चाँद से अष्टमी से पूर्णिमा के बीच गप्पें लगाई होंगी।

प्रश्न.३) नई कविता में तुक या छंद के बदले बिंब का प्रयोग अधिक होता है। बिंब वह तसवीर होती है जो शब्दों को पढ़ते समय हमारे मन में उभरती है। कई बार कुछ कवि शब्दों की ध्वनि की मदद से ऐसी तसवीर बनाते हैं और कुछ कवि अक्षरों या शब्दों को इस तरह छापने पर बल देते हैं कि उनसे कई चित्र हमारे मन में बनें। इस कविता के अंतिम हिस्से में चाँद को एकदम गोल बताने के लिए कवि ने बि ल कु ल शब्द के अक्षरों को अलगअलग करके लिखा है। तुम इस कविता के और किन शब्दों को चित्र की आकृति देना -

चाहोगे? ऐसे शब्दों को अपने ढंग से लिखकर दिखाओ।
उत्तरचाँद-, गोलमटोल-, तिरछे।

प्रश्न-४) कविता " चाँद से थोड़ी –सी गप्पें " का सारांश लिखिए |

उत्तर: दस - ग्यारह साल की बच्ची चाँद से बातें करती हुई कहती है की आप गोल मटोल सूरत वाले बिलकुल गोरे है और सारे आकाश को अपनी पोशाक की तरह पहने हुए हैं। लेकिन आप घट रहे हैं तो घटते ही जा रहे है और अगर बढ़ रहे है तो बढ़ते ही जा रहे है। मैं समझ रही हूँ की आपको यह कोई बीमारी है। आप मुझे मूर्ख समझने की कोशिश न करे मैं सब समझती हूँ।

भाषा की बात-

प्रश्न -१) निम्नलिखित विशेषणों के लिए एक –एक उपयुक्त संज्ञा शब्द लिखिए |

गुलाबी पगड़ी
मखमली घास
कीमती गहने
ठंडी रात

प्रश्न-२) कविता में आए शब्दों के इन जोड़ों में अंतर यह है कि चिट्टा का अर्थ सफ़ेद है और गोरा से मिलता-जुलता है, जबकि मटोल अपने-आप में कोई शब्द नहीं है। यह शब्द 'मोटा' से बना है। ऐसे चार-चार शब्द-युग्म सोचकर लिखो और उनका वाक्यों में प्रयोग करो।

- खाना-वाना- खाना-वाना तो अच्छा ही बना है।
- चाय-वाय- यहाँ चाय-वाय का प्रबंध नहीं है।
- पानी-वानी- उसने मुझे पानी-वानी भी नहीं पिलाया।
- मोल-तोल- दुकानदार से मोल-तोल करके ही सौदा लेना।